राम भक्त हनुमान | By Rahul Prajapati

राम भक्त हनुमान के जैसा देव नहीं संसार में
बैठा सजधज के देखो अपने दरबार में

जो भी मेरे बालाजी से सच्ची लगन लगाएगा
उन भक्तों की नैया बाला भव से पार लगाएगा
मौज करेगा सारा जीवन वो अपने परिवार में
बैठा सजधज के देखो अपने दरबार में

राम प्रभु का भक्त निराला वीर बड़ा बलकारी है
मनोकामना पूरण उसकी जो आता एक बारी है
प्यार लुटाता है भक्तों पर बड़ा नशा है प्यार में
बैठा सजधज के देखो अपने दरबार में

शिव सुबोध मेरे बालाजी की महिमा जग में न्यारी है
प्रेम भाव से रटता जो भी दुविधा मिटती सारी है
लूट ले खुशियां तू भी राहुल आकर के दरबार में
बैठा सजधज के देखो अपने दरबार में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-rahul-prajapati/